रामकृष्ण आश्रम में बंगाली समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेल मां दुर्गा के दी विदाई

डिहरी ऑन सोन (आससे)। मां दुर्गा की विदाई की बेला, चेहरे पर सिंदूर की लालिमा, ढाक की गूंजती थाप और आंखों में बिछड़ने की नमी। जुबां पर बस एक ही पुकार—'मां, अगले बरस फिर आना।'

विजयादशमी के अवसर पर रोहतास जिले के डिहरी स्थित रामकृष्ण आश्रम में बंगाली समाज की महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला के जरिए मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कहीं उत्सव का उल्लास दिखा तो कहीं मां से बिछड़ने का दर्द। सुहागिनों ने मां के चरणों और मस्तक पर सिंदूर अर्पित कर अखंड सौभाग्य की कामना की और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद दिया।

बंगाली समाज की महिला श्रद्धालु झुनु भट्टाचार्य बताती हैं कि उनके समुदाय में मां दुर्गा को बेटी के रूप में देखा जाता है। वह कहती हैं, 'हम मां दुर्गा को अपनी बेटी मानते हैं। वह कैलाश पर्वत छोड़कर हमारे यहां आती हैं और कुछ दिनों तक हमारे साथ रहती हैं। हम उनका आदर-सत्कार करते हैं और अपनी परंपरा के अनुसार भोग लगाते हैं। जब उन्हें विदा करने का समय आता है, तो ऐसा लगता है जैसे घर की बेटी विदा हो रही हो। उस समय हमारी आंखें नम हो जाती हैं।'

सिंदूर खेला बंगाली समाज की महिलाओं के लिए आस्था, सौभाग्य, एकता और स्त्री शक्ति का प्रतीक है। इस रस्म में विवाहित महिलाएं सबसे पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करती हैं। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना करती हैं। लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी, माथे पर सिंदूर और चेहरे पर मुस्कान इस परंपरा की खास पहचान है। रीना गुप्ता बताती हैं कि सिंदूर खेला की परंपरा लगभग 400 साल पुरानी मानी जाती है। विजयादशमी के दिन मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर विदा किया जाता है और उनसे सभी सुहागिनों के सुहाग की रक्षा करने तथा परिवारों को सुख-समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की जाती है।

विसर्जन के दौरान तालाब में डुबने से युवक की मौत

सासाराम (आससे)। शहर के फजलगंज स्थित दुर्गा कुंड में गुरुवार की अहले सुबह मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक तालाब के गहरे पानी में डूब गया। युवक सासाराम के करपुरवा मोहल्ला निवासी लाल बहादुर शाह का पुत्र बताया जाता है, जिसकी पहचान लगभग 20 वर्षीय विकास कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर आगजनी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त युवक करपुरवा मोहल्ले में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ अहले सुबह करीब 4 बजे मूर्ति विसर्जन के लिए फजलगंज स्थित दुर्गाकुंड पहुंच था, जहां प्रतिमा विसर्जन के दौरान हीं युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हालांकि उस वक्त मोहल्ले वासियों को युवक के डूबने की जानकारी नहीं मिली और सभी लोग वापस अपने घर लौट आए। इसके बाद सुबह जब युवक के डूबने की सूचना मिली, तो स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया।

युवक के डूबने की सूचना पर दुर्गाकुंड पहुंचे स्थानीय लोगों ने



तालाब में उतरकर युवक को तलाशने की भरपूर कोशिश की, लेकिन असफल रहे। युवक के नहीं मिलने पर आक्रोशित लोगों ने फजलगंज में पुरानी जीटी रोड को जाम कर दिया और आगजनी करने लगे। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी होने लगी। सड़क जाम की सूचना पर प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल और स्थानीय अधिकारी पहुंच गये हैं और लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

हादसे के लगभग छः घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने दुर्गा कुंड तालाब में युवक की तलाश शुरू कर दी है। तालाब में काफी संख्या में मूर्ति विसर्जन होने से पानी पूरी तरह गंदा व मलबा युक्त हो चुका है और टीम को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों की मदद से दोपहर में डूबे युवक का शव तालाब से बरामद किया गया जिसका सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

जिला प्रशासन नेभी घटना पर शोक प्रकट किया है।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध यक्षिणी भवानी मंदिर स्थित तालाब में बुधवार शाम पांच बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव गुरुवार सुबह करीब 9 बजे बरामद कर लिया गया है।

मृतक की पहचान दिनारा थाना क्षेत्र के चितांव गांव निवासी मनीकरण सिंह के करीब 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक दिनारा के बरडीहा गांव में अपनी मौसी के घर आया था।

बुधवार शाम वह दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में शामिल होने तालाब पहुंचा था, जहां प्रतिमा के नीचे दबकर वह गहरे पानी में डूब गया। काफी खोज बिन के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया है।



नवरात्र को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर एसपी ने नगर थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

औरंगाबाद (आससे)। शारदीय नवरात्र और विसर्जन को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा को सम्मानित किया।

दस दिनों तक चले दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर नगर थाना पुलिस ने लगातार मुस्तैदी दिखाई। नगर थानाध्यक्ष की कार्यकुशलता और बेहतर रणनीति से पूरा आयोजन बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इसी को देखते हुए गांधी मैदान में आयोजित रावण वध कार्यक्रम के दौरान एसपी ने मंच से सभी अधिकारियों के सामने उनकी सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

बताया जाता है कि नवरात्र के दौरान नगर थानाध्यक्ष ने एक अनोखी पहल की थी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के बीच जाकर उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया और पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उनकी इस पहल का व्यापक असर हुआ।

24 अक्टूबर की बैठक से पहले कांग्रेस ने फूंका संगठन विस्तार का बिगुल

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से आगामी 24 अक्टूबर 2026 को औरंगाबाद ब्लॉक मोड़ स्थित सम्राट अशोक भवन में आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी उद्देश्य से दाउदनगर के मौलाबाग स्थित सामुदायिक भवन में दाउदनगर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। साथ ही, आगामी 24 अक्टूबर की बैठक को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक



स्तर पर आवश्यक तैयारियों और आपसी समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी सक्रियता के साथ जमीनी स्तर पर उतरना होगा। मंडल एवं पंचायत अध्यक्षों की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता, मेहनत और जनता के बीच उनकी सक्रिय उपस्थिति से ही संभव है। वहीं प्रखंड प्रवक्ता ई. युवराज पाण्डेय ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक मंडल और पंचायत स्तर पर संगठन को सक्रिय किया जाए तथा युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाई जाए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मो. शमीम ने भी संगठनात्मक एकता, आपसी तालमेल और जनसंपर्क को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर लोकेश पाण्डेय, भास्कर कुमार, परमात्मा शर्मा (शमशेरनगर मंडल अध्यक्ष), सुरेंद्र गिरी (संसा पंचायत अध्यक्ष), नारायण गिरी (संसा मंडल अध्यक्ष), साहिस्ता खातून, शकील अख्तर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

करगहर हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में हुई हत्या के मामले में रोहतास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की आगे की जांच और अन्य आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। रोहतास पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, करगहर थाना कांड संख्या 406/26, दिनांक 20 अक्टूबर 2026, हत्या से संबंधित है। इस मामले में डुमरा गांव निवासी जनार्दन तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी की हत्या के आरोप में गांव के ही शम्भू शर्मा, पिता स्वर्गीय काशीनाथ शर्मा, तथा गुड्डू शर्मा, पिता पारस शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। रोहतास के एसपी एम. राज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

निधन पर शोकसभा

डालमियानगर रोहतास आससे। गुरुवार को डालमियानगर महिला कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉक्टर अजीत सिंह के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई ,जिसमें महाविद्यालय के सेवानिवृत्त दिवंगत प्राध्यापक को शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं. SPJW-28-TRAWERSER-SST-D.
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, चुना, रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के IRCPS वेब पोर्टल पर ई-निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते हैं...
1. कार्य का नाम : मैकेनिकल कारखाना समस्तीपुर में सारणेस ट्रैवर्सर (क्षमता – 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट शहुत ट्रैवर्सर शहत को सारणेस शहत ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,50,29,940.35, 3. धरोहर की राशि : ₹3,14,500.00, 4. निविदा बन्द होने की तारीख और समय : 17.11.2026 15:00 Hrs. 5. ई निविदा के लिए वेबसाईट तथा विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादि: www.ireps.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबन्धक/ चूनारे/चागरसीपुर
पीआर/1165/एसपीजे/सं./टी/26 27/32

सिविल सर्जन कार्यालय के निलंबित लिपिक रात में फाइल चोरी करते गिरफ्तार

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सीएस कार्यालय के पूर्व वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार वर्मा को रात के अंधेरे में कार्यालय से गुपचुप तरीके से फाइलें चोरी करते हुए पकड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार वर्मा सिविल सर्जन कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर पदस्थापित थे। उन्हें 14 जुलाई को अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। निलंबन अवधि में उन्हें गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लिपिक के पद पर योगदान कराया गया था।

आरोप है कि निलंबित होने के बावजूद कृष्ण कुमार वर्मा लगातार सिविल सर्जन कार्यालय में सक्रिय थे और महत्वपूर्ण कागजातों से छेड़छाड़ कर रहे थे। बीती रात मौका पाकर वे कार्यालय से फाइलें निकाल रहे थे, तभी उन्हें कर्मियों ने पकड़ लिया। जिस समय उन्हें पकड़ा गया, उनके पास से कई महत्वपूर्ण फाइलें और कागजात बरामद हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि वे अपने खिलाफ चल रही जांच से जुड़े दस्तावेजों को गायब करने की कोशिश कर रहे थे।

यह मामला यहीं तक सीमित नहीं है। कृष्ण कुमार वर्मा पर दो जगह नौकरी करने का भी गंभीर आरोप है। आरोप है कि वे सरकारी नियमों को ताक पर रखकर एक साथ दो स्थानों पर नौकरी कर रहे थे। इस गंभीर मामले को लेकर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भी संज्ञान लिया था और जिला पदाधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी।

रात में सिविल सर्जन कार्यालय से फाइल चोरी की इस घटना के बाद पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब लिपिक निलंबित है और उसका पदस्थापन गोह क्ाष्ट में है, तो वह रात के समय बंद पड़े सीएस कार्यालय में कैसे पहुंचा? क्या इसमें कार्यालय के किसी अन्य कर्मी की भी मिलीभगत है?

फिलहाल इस संबंध में सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पकड़े गए लिपिक से पूछताछ की जा रही है।

भव्य भंडारा व भक्ति जागरण का आयोजन

औरंगाबाद (आससे)। प्रखंड ओबरा स्थित लोकन बिगहा में दशहरा के अवसर पर भव्य भंडारा व भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख संजय कुमार सोम, विशिष्ट अतिथि पूर्व उप प्रमुख व पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश यादव , सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व शिक्षक नेता अजीत कुमार, पूर्व सरपंच श्रीनिवास गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण सिंह , सरपंच प्रतिनिधि संतोष शर्मा, गणेश कुमार, प्रधानाध्यापक अरुंजय कुमार, सुजीत यादव,लोजपा नेता मनीष यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए,, पूजा समिति की ओर से सभी अतिथियों को माला पहनाकर व चुनरी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ,कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीनिवास गुप्ता व मंच का संचालन सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अजीत कुमार व गणेश कुमार ने की, महानवमी के अवसर पर पूर्व प्रमुख व विधायक डॉक्टर प्रकाश चंद्र के निकटतम सहयोगी संजय सोम, पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश यादव, सरपंच प्रतिनिधि संतोष शर्मा व शिक्षक नेता अजीत कुमार ने कहा कि कोई भी धार्मिक पर्व सिर्फ पूजा व अनुष्ठान ही नहीं होता ,बल्कि सामाजिक परिपक्वता व नैतिक संदेश का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे अनुशासन, शांति ,संयम व एक दूसरे के प्रति भाईचारा ,प्रेम, सहयोग, समन्वय व सम्मान करने की प्रवृत्ति को जन्म देती है, लोकगीत व भजन गायक अनिल यादव व गायिका हेमा पांडेय ने अपने भक्तिमय संगीत से सैकड़ो की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिए,, दुर्गा पूजा समिति के लाइसेंस धारी व सरपंच राइस मिल के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने नव दुर्गा पूजा समिति के बेहतर प्रबंधन के लिए समिति के सदस्यों के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किये , इस अवसर पर डॉक्टर कुमार अजितेष।

शिक्षक सूरज कुमार गुप्ता, बृज किशोर यादव, मनोज गुप्ता ,रामाशंकर यादव, रंजीत कुमार,शशि भूषण कुमार, रविकांत कुमार, हरिनंदन प्रसाद, महेश प्रसाद, संजय गुप्ता, मिंटू गुप्ता, सिंटू गुप्ता, मुकुल गुप्ता, अनिल गुप्ता, सिकंदर साव, राजदेव साव, अमित कुमार गुप्ता, कौशल गुप्ता, नीतीश यादव , नरेश यादव, रामकुमार यादव , कुंदन यादव, सोनू कुमार, सुनील यादव, सुनील गुप्ता, गौरी शंकर प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे,,

पूर्व मध्य रेल
ई-ऑक्शन सूचना
ई-ऑक्शन सूचना सं. :– कॉम/शिक्षाघर/औरंगबार/20 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, धानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:
1. कार्य का नाम: गाड़ी सं. 13207/38 एवं 13239/10 (पटना–कोटा एक्सप्रेस) एवं धानापुर मंडल के रेणु टूंडी के 11 पेक डिब्बों (1AC कोच) के पानी बिन्दों के पक्षी छिलों पर पूर्व निर्धारित रेगिंग के माध्यम से निःशुल्क प्रबंधन। 2. अनुबंध की अवधि : 24 माह, 3. कैटलॉग संख्या : बंधन एडीवीटी लोकोमोटिव 330374 2–26–2 (II) एडीवीटी–इएचएफ– 154437–1–26–3, 5. ई–नीलामी की तिथि व समय: (i) दिनांक 02.11.2026 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक लॉट संख्या (एडीवीटी–इएचएफ– 330374–2–26–2) के लिए ई–नीलामी होगी (ii) दिनांक 02.11.2026 को 12:10 बजे से 12:40 बजे तक लॉट संख्या (एडीवीटी–इएचएफ–154437–1–26–1) के लिए ई नीलामी होगी (अतिरिक्त सुविधा/समय की अवधि 10 मिनट होगा)। 6. वेबसाईट जहाँ ई –ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धानापुर
पीआर/1158/डीएनधार/सं./ईएन/26–27/36







